# पैंथर को देख कुएं में उतरकर बचाई जान

**राजसमन्द**, (निसं)। मोही कस्बे में शनिवार शाम को एक किसान की सूझबूझ से बडा हादसा टल गया। मोही से कांकरोली मार्ग पर स्थित खेतों में नहर की सिंचाई का कार्य कर रहे किसान प्रेम शंकर गर्ग पर अचानक पैंथर ने हमला करने की कोशिश की। यह घटना सडक मार्ग से मात्र 100 मीटर दूर शाम करीब 6.30 बजे की है। दकिसान ने पैंथर को भगाने की कोशिश की, लेकिन पैंथर सीधे हमले की मुद्रा में उसकी ओर बढने लगा। खुद को बचाने के लिए प्रेम शंकर गर्ग खेत में बने कुएं के अंदर रस्सी के सहारे उतर गया। इसके बाद उसने मोबाइल फ ोन से आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी। कुछ ही देर में ग्रामीणों का झुंड मौके पर पहुंच गया। ग्रामीणों को देखकर पैंथर वहां से जंगल की ओर भाग गया। किसान सुरक्षित कुएं से बाहर निकला। प्रेम शंकर गर्ग ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से उसके खेत के आस-पास पैंथर की गुर्राने की आवाजें सुनाई दे रही थीं, जिससे क्षेत्र के किसानों में डर का माहौल बना हुआ है।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/17417 दिनांक :- 3.2.26

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति कापता एवं माप | पड़ौस पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामकिशन सोनी/ जमनालाल सोनी व अन्य | मेदियों की खिड़क, नाथद्वारा, भूखण्ड क्षैत्रफल 1107.50 वर्गफीट | मांगीलाल सुराणा व रतनलाल का मकान का मकान | सुन्दरलाल देवपुरा का मकान | आम रास्ता | जमनादास का मकान |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा



**कार्यालय ग्राम पंचायत टोगी, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद**

क्रमांक: निविदा/गा.पं.टोगी/2025-26/SPL-01 दिनांक:- 09.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

ग्राम पंचायत टोगी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाइन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in वsppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

**NIB NO- ZRR2526A0622**
**UBN NO- ZRR2526WSRC01024**

प्रशासक / ग्राम पंचायत टोगी / पं.स. भीम ( राजसमन्द ) — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत टोगी / पं.स. भीम ( राजसमन्द )



**कार्यालय ग्राम पंचायत टोगी, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद**

क्रमांक: निविदा/गा.पं.टोगी/2025-26/SPL-02 दिनांक:- 09.02.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

ग्राम पंचायत टोगी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाइन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in वsppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

**NIB NO- ZRR2526A0621**
**UBN NO- ZRR2526WSRC01021-23**

प्रशासक / ग्राम पंचायत टोगी / पं.स. भीम ( राजसमन्द ) — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत टोगी / पं.स. भीम ( राजसमन्द )



**कार्यालय ग्राम पंचायत पलासमा पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक: पंचा/2025-26/36 दिनांक- 7.2.26

**-: ई निविदा सूचना- 10, 11 2025-26 :-**

इस ग्राम पंचायत में योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य सड़क कटिंग स भूरा मेघवाल चामुण्डा माता घाट नि. अन्य विकास कार्य हेतु UBN No ZUD2526WSOB04423, ZUD2526WSOB04424 के माध्यम से ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारीsppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajathan.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक / ग्राम पंचायत पलासमा / पं.स. सायरा, जिला उदयपुर ( राज. ) — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत पलासमा / पं.स. सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )



**कार्यालय ग्राम पंचायत एमडी पंचायत समिति राजसमन्द, जिला राजसमन्द**

क्रमांक: ग्रापं/लेखा/ई-टेन्डर/2025-26/01 दिनांक:- 09.02.2026

**निविदा सूचना 01/2025-26**

ग्राम पंचायत एमडी में वित्तीय वर्ष 2025.26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा का पूर्ण विवरण, शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं Download कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

**NIB Code - ZRR2526A0620**
**UBN Code- ZRR2526SSRC01020**

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत एमडी / पं.स. व जिला-राजसमन्द ( राज. )


# 'तकनीकी नवाचार तभी सफल होंगे जब वे किसानों तक पहुंचेंगे'



मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर प्रदर्शित तकनीकों की जानकारी ली।

**उदयपुर**, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय व भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय कृषि मेले के समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अथिति डॉ. सुरेश धाकड़, विधायक बेगू ने किसानों को संबोधित करते हुए जैविक खेती व पारंपरिक ज्ञान तथा ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने का आव्हान किया।

डॉ.धाकड़ ने किसानों से आग्रह किया कि वे बदलाव की शुरुआत अपने घर से करें तथा घरेलू उपयोग की सब्जियां और फसलें स्वयं उगाएं, जिससे बाजार पर निर्भरता कम हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा मनरेगा में किए गए सुधारों की सराहना की तथा सुझाव दिया कि खेती के कार्यों में परिवार के सदस्यों की भागीदारी बढ़ाई जाए, जिससे रोजगार घर में ही सृजित हो और बाहरी मजदूरों पर निर्भरता कम हो। डॉ. धाकड़ ने कहा कि किसानों के हित के लिए हर वर्ष इस प्रकार के मेलो का राजस्थान के प्रत्येक जिले में आयोजन होना चाहिए, इसके लिए वो सरकार को सुझाव देंगें। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी नवाचार तभी सफल होंगे जब वे किसानों तक पहुंचेंगे।

■ **मेले में राजस्थान, गुजरात महाराष्ट्र, गोवा के 10,000 से अधिक किसानों ने भाग लिया**

विशिष्ट अतिथि ताराचंद जैन, माननीय विधायक उदयपुर शहर ने किसानों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान की मेहनत का पूरा लाभ उसे मिलना चाहिए। वर्तमान में मध्यस्थता और बढ़ती लागत के कारण किसान को अपेक्षित आमदनी नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि यदि किसान पारंपरिक तरीकों जैसे गोबर की खाद, जैविक खाद और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें, तो लागत कम होगी और आय में वृद्धि संभव है।डॉ. प्रताप सिंह, कुलगुरु, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर ने कहा कि कृषक अपनी समस्याओं का निराकरण जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जाकर करें। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पाद के विपणन के लिए किसान उत्पादक समुहों का गठन करें एवं उत्पाद की गुणवत्ता, पैकिंग एवं विज्ञापन पर अधिक जोर दें। कृषक महिलाऐं स्वयं सहायता समूहों का गठन कर आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करें। छोटी जोत वाले किसान कस्टम हायरिंग केंद्र बनाकर उन्नत यंत्रों का अधिक से अधिक उपयोग कर सकते हैं। अतिथियों ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर प्रदर्शित तकनीकों की जानकारी ली तथा अपने सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त मेले के समापन समारोह में श्री अशोक कुमार, डॉ. अरविन्द वर्मा, डॉ धृति सोलंकी, डॉ मनोज कुमार महला, डॉ. सुनील जोशी, श्रीमती निधीधाकड़ तथा अन्य गण मान्य अथितियों की उपस्थिति रही।डॉ. आर.एल. सोनी, निदेशक, प्रसार शिक्षा ने बताया कि इस तीन दिवस किसान मेले में राजस्थान, गुजरात महाराष्ट्र, गोवा के 10,000 से अधिक किसानो ने भाग लिया। कृषि मेले के समापन अवसर पर सह संयोजक डॉ. राजीव बैराठी ने मेले के दौरान आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की।

# गंगा देवी को मिली 28 हजार की सहायता राशि

**डूंगरपुर**। जिले में चल रहें ग्रामोत्थान शिविर में ग्राम वासियों को मौके पर कार्य किया जाकर राहत प्रदान की जा रही है। साथ ही विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित्त भी किया जा रहा है।

सोमवार को जेठाना में आयोजित शिविर में समाजसेवी अशोक पटेल ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही शिविर में लाभार्थी को विभिन्न योजना व अंतर्गत लाभान्वित किया। शिविर में शांति देवी को मंगला पशु बीमा की पॉलिसी एवं मणिलाल पिता कचरा और रामा पिता वेलजी को पट्टा वितरण किया गया।

इस मौके पर जन प्रतिनिधि में सागवाडा विकास अधिकारी हीराराम मेघवाल, जेठाना गिरदावर यशपाल पंवार, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक नवीन चंद्र भट्ट, सहायक कृषि अधिकारी धर्मेश बुनकर, कृषि पर्यवेक्षक पंकज रावल और मयूरी स्वर्णकार, सरपंच संगीता डामोर, ग्राम विकास अधिकारी दिनेश चंद्र भट्ट, रोजगार सहायक रणजीत सिंह सांकला, वार्ड पंच मोहन पाटीदार शिवराम पाटीदार एवं नर्मदा पाटीदार, समाजसेवी कमलेश डामोर, मुकेश जोशी , जयशंकर जोशी उपस्थित रहें। इसीक्रम में ग्राम पंचायत ठाकरडा में ग्रामोत्थान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें गंगा देवी पाटीदार को 28 हजार की सहायता राशि प्राप्त हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया था। उसके बाद उनके पशुओं का पशु चिकित्सा अधिकारी एवं बीमा सर्वेयर द्वारा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी कर पॉलिसी बनाई गई थी। अब इनके भैंस की मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत इन्हें 28,000-रुपयों की सहायता राशि प्रदान की गई।

## बैठक संपन्न

**डूंगरपुर**, (निसं)। राजस्थान आदिवासी महासमिति की बैठक पावडिया हनुमानजी मंदिर पावडा घाटी बिछीवाडा में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रूपलालजी डोडा ने की, मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष सुन्दरलाल परमार थे। विशिष्ठ अतिथि संभागीय अध्यक्ष ईश्वर कटारा एवं संभागीय सचिव बसंत ननोमा, प्रकृति पूजक सेना प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट चन्दुलाल बरण्डा थे एवं सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में समाज में हो रही फिजुल खर्ची रोकने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें समाज में विवाह के समय डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध एवं विवाह के समय दुल्हे पक्ष की ओर से 3० तोला चांदी और सुन्नी काटा दुल्हन को पहनाया जायेगा और पडले में 15000रूपये लिये जायेंगे इसमें दुल्हन के कपडे व दुल्हन पक्ष के संपूर्ण श्रृंगार व कपडे आदि।मुख्य अतिथि सुन्दरलाल परमार ने कहां की समाज में राजस्थान आदिवासी महासमिति द्वारा 28 सुत्रीय नियमावली बनायी गई है उसको धरातल पर लागु करना होगा, जिससे समाज कर्जे से मुक्त हो जाये। संभागीय अध्यक्ष ईश्वरलाल कटारा ने कहा की समाज में हो रही कुरीतियों को रोकने हेतु समाज के लोगों को जागरूक होकर एकजुटता दिखानी पडेगी।

# 'जाना मजबूरी थी लौट के आना दिल की आवाज'

**बांसवाड़ा**, (निसं)। कांग्रेस छोड़कर जाना मजबुरी थी लेकिन वापस घर लौटकर आना दिल की आवाज है। उक्त उद्गार दिग्गज नेता महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने बांसला से लेकर बांसवाड़ा तक के सफर में उमड़ी जनमैदिनी के समक्ष व्यक्त किये।

कहते हैं जब दिल से आवाज निकलती है तो गला रूंध जाता है और आंसुओं का सैलाब निकल पड़ता है और ऐसे में आत्मीयजन ही संबल प्रदान करते हैं ठीक ऐसा ही दृश्य जिला कांग्रेस कमेटी में देखने को मिला। जब घर वापसी पर मालवीया ने दिल और दिमाग की आवाज की बात बताते हुए कहा कि रातों में नींद नहीं आती थी। यह कहते हुए मालवीया इतने भावुक हो गये कि उनके मुंह से आवाज नहीं निकल पायी तो कांठोस जिलाध्यक्ष व विधायक बामनिया खड़े हुए और उन्होंने मालवीया को संबल प्रदान किया तो पूरा कांग्रेस कार्यालय कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद, मालवीया तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है से गूंज उठा। मालवीया ने कांग्रेस के सभी दिग्गज नेताओं के साथ अपने छोटे भाई अर्जुन सिंह बामनिया का आभार जताया।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस छोड़ना और वापसी मामूली घटना नहीं है। उनकी कांग्रेस में आने की इच्छा थी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे मुत्तकी बैग के डायलॉग को याद करते हुए मालवीया ने कहा कि वे कहा करते थे कि दुश्मनी जम के करो लेकिन ख्याल रहे दुबारा मिलो तो दोस्ती कायम रहे।

## सम्मेलन आज से

**उदयपुर**, (कासं)। विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील के मध्य टापू पर वर्ष 1975 में स्वप्नदर्शी दिवंगत प्रो अरविंद भटनागर द्वारा स्थापित उदयपुर सौर वेधशाला का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में 10 से 13 फरवरी तक थर्ड स्पेस उदयपुर में एक्सप्लोरिंग द सन एट हाइ रिजोल्यूशन प्रेजेंट पर्सपेक्टिव्स एंड फ्यूचर होराइजन्स विषय पर सम्मेलन आयोजित होगा वेधशाला के निदेशक शिबू मैथ्यू ने बताया कि यह सम्मेलन विशेषज्ञों को उन्नत दूरबीनों और मिशनों से प्राप्त सौर वायुमंडलीय घटनाओं के निष्कर्षों को साझा करने और उच्च रिजोल्यूशन सौर भौतिकी में भविष्य की दिशाओं पर चर्चा करने के लिए मंच प्रदान करेगा। कार्यशाला में भारत व विदेश के लगभग 100 प्रतिष्ठित सौर भौतिकविदों के शामिल होने की उम्मीद है।

# सर्व समाज, विभिन्न स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों की बैठक



डूंगरपुर नगर के सर्व समाज तथा विभिन्न स्वयंसेवी और सामाजिक संगठनों की बैठक आयोजित हुई।

**डूंगरपुर**, (निसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहर 2.0 के लिए नियुक्त किए गए स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता द्वारा डूंगरपुर नगर के सर्व समाज तथा विभिन्न स्वयंसेवी और सामाजिक संगठनों की बैठक रविवार देर शाम को आजाद नगर स्थित निज आवास पर आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता के के गुप्ता ने की, मुख्य अतिथि राज्यसभा पूर्व सांसद तथा महारावल हर्षवर्धन सिंह रहे और विशिष्ट अतिथि रामबोला मठ महंत शिव शंकर दास महाराज तथा प्रमुख समाजसेवी गोविंद चौबीसा और चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री प्रभु लाल पटेल रहे। बैठक का संचालन राजेश डेंडू ने किया और आभार चिराग व्यास ने व्यक्त किया।

बैठक में नगर वासियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि राजस्थान प्रदेश के सभी नगर निकायों में स्वच्छता के मापदंड को लागू करके मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के स्वच्छ राजस्थान और सुंदर राजस्थान के संकल्प को पूरा किया जाएगा। इसे पूरा करने में आमजन की भागीदारी भी महत्वपूर्ण रहेगी वहीं स्वच्छ भारत मिशन शहर अभियान से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारी को भी पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ में कार्य करना होगा। माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी स्वच्छ भारत मिशन अभियान को गंभीरता से लिया जा रहा है और मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इस पर पैनी निगरानी भी रखी जा रही है। हमारे द्वारा पूरे प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के साथ में स्वच्छ भारत मिशन के प्रत्येक घटक को धरातल पर लागू करने के दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस परिकल्पना को पूरी करने एवं वर्ष 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर नगर स्वच्छता के नगर से पहचाना जाता है और इसके चर्चे आज भी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर होते रहते हैं।

जिस प्रकार क्रिकेट खेल में राष्ट्रीय स्तर पर राज सिंह डूंगरपुर ने डूंगरपुर का नाम रोशन किया। इसी प्रकार वर्तमान में डूंगरपुर स्वच्छता के नाम से पहचान रखता है। डूंगरपुर जो स्वच्छता का पर्याय है और यह पहचान खत्म नहीं होनी चाहिए इसकी जिम्मेदारी हम सभी नागरिकों की है।


प्रपत्र संख्या 7
( देखिये नियम 21 )

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर ( राज. )**

**नोटिस**

पत्रावली संख्या:- 19/2026/269 दिनांक- 12.1.26

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 ( 2 ) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियों को (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

चूंकि श्री श्यामलाल टेलर, महासचिव ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-23 के अन्तर्गत श्री सीताराम जी कावडिया मंदिर एवं दशामाता चबूतरा ट्रस्ट, बडे तालाब के पास, कपासन जिला चित्तौढ़गढ़ प्रन्यास के सम्बन्ध में प्रन्यासी परिवर्तन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 (तीस) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। ओर यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.1.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आगामी पेशी तारीख 17.2.26 की रखी गयी है।

( जतीन कुमार गांधी )
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत थाणा प.स. ऋषभदेव, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- 31 दिनांक- 07.02.26

**खुली बोली ई निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत थाणा पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई निविदा दिनांक 18.02.226 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No ZUD2526A3750
UBN No ZUD2526WOB04447
Tender Id No 2026 PRD_536540_1

( ग्राम विकास अधिकारी )
ग्राम पंचायत थाणा
पं.सं. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत ऋषभदेव प.स. ऋषभदेव, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-378 दिनांक- 07.02.26

**खुली बोली ई निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई निविदा दिनांक 18.02.226 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No ZUD2526A3752, ZUD2526A3753
UBN No ZUD2526WOB04449, ZUD2526WOB04450
Tender Id No 2026 PRD_536532_1

प्रशासक / ग्राम पंचायत ऋषभदेव / पं.सं. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत ऋषभदेव / पं.सं. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत पानवा प.स. ऋषभदेव, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- 27 दिनांक- 07.02.26

**खुली बोली ई निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पानवा पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई निविदा दिनांक 18.02.226 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No ZUD2526A3749
UBN No ZUD2526WOB04446
Tender Id No 2026 PRD_536541_1

प्रशासक / ग्राम पंचायत पानवा / पं.सं. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत पानवा / पं.सं. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत भूधर प.स. ऋषभदेव, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:- 29 दिनांक- 07.02.26

**खुली बोली ई निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भूधर पंचायत समिति ऋषभदेव में निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई निविदा दिनांक 18.02.226 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No ZUD2526A3751
UBN No ZUD2526WOB04448
Tender Id No 2026 PRD_536537_1

प्रशासक / ग्राम पंचायत भूधर / पं.सं. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर — ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत भूधर / पं.सं. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

पन्नाधाय कॉलोनी शाखा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001
फोन नं.: 01472-245500, ई-मेल: vjchga@bankofbaroda.com

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्र./लॉट नं | ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्तियों के साथ अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( सांकेतिक/ भौतिक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स मातेश्वरी किएशन साड़ी सेन्टर प्रोपराईटर- श्रीमती टीना शर्मा पत्नी श्री कमलेश कुमार पालीवाल जमानतदार- श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री श्याम सुन्दर गर्ग 12-बी, अंबिकापुरी, कुम्भा नगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001 | श्रीमती टीना शर्मा पुत्री श्री प्रेम चंद शर्मा पत्नी श्री कमलेश कुमार पालीवाल के नाम आवासीय सम्पत्ति सर्वे नं. आराजी नं. 2097/2099 जो कीर खेड़ा, चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1172.43 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: जगदीश धोबी, दक्षिण: आम रोड़ 20 फीट, पूर्व: गीता देवी गर्ग, पश्चिम: राजू रेगर अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 28,26,339.97 दिनांक 28.04.2024 को बकाया ( दिनांक 27.04.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 26.02.2026 | आरक्षित मूल्य- रूपये 16,50,000/- धरोहर राशि- रूपये 1,65,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | भौतिक | 21.02.2026 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |
| | | श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री श्याम सुन्दर गर्ग के नाम खुला प्लॉट सर्वे नं. आराजी नं. 2088 जो कीर खेड़ा, चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 945 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: प्रेम चंद शर्मा, दक्षिण: रोड़, पूर्व: पारस कंवर, पश्चिम: स्वयं का मकान अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | | दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 8,50,000/- धरोहर राशि- रूपये 85,000/- बोली वृद्धि राशि रूपये 20,000/- | भौतिक | |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 01472-245500, मोबाईल नं. 8875006625 पर संपर्क कर सकते है।

स्थान: चित्तौड़गढ़
दिनांक: 06.02.2026

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा